# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

विज्ञप्ति संख्या – पी.आर. 96/2024

## माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा (STET), 2024 में सम्मिलित होने वाले आवेदकों का पाँचवा डमी प्रवेश–पत्र (Fifth Dummy Admit Card) समिति की वेबसाईट पर अपलोड रहने एवं ऑनलाईन त्रुटि संशोधन के संबंध में आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा समिति की विज्ञप्ति संख्या – पी॰आर॰ 09/2024 के क्रम में माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा (STET), 2024 का आवेदन पत्र भरने वाले आवेदकों को सूचित किया जाता है कि उक्त परीक्षा का पाँचवा डमी प्रवेश–पत्र **(Fifth Dummy Admit Card)** समिति की वेबसाईट **https://www.bsebstet2024.com** पर **दिनांक 04.03.2024 से 08.03.2024 तक** उपलब्ध रहेगा। संबंधित आवेदक उक्त अवधि में अपना पाँचवा डमी प्रवेश–पत्र डाउनलोड करना सुनिश्चित करेंगे। पाँचवा डमी प्रवेश–पत्र में अगर किसी प्रकार की त्रुटि हो तो संबंधित आवेदक अपने यूजर आई0डी0 एवं पासवर्ड का उपयोग कर उपर्युक्त वेबसाईट पर उक्त तिथि तक पाँचवा डमी प्रवेश–पत्र में मुद्रित विवरणों का त्रुटि सुधार कर सकते हैं। त्रुटि सुधार का यह अंतिम मौका दिया गया है। **दिनांक 08.03.2024** के बाद किसी भी प्रकार की त्रुटि के सुधार का दावा मान्य नहीं होगा।

2. जिन अभ्यर्थियों द्वारा परीक्षा शुल्क की राशि अभी तक जमा नहीं की गयी है, वैसे अभ्यर्थी **दिनांक 08.03.2024 तक** परीक्षा शुल्क की राशि जमा कर सकते हैं। परीक्षा शुल्क की राशि लंबित रहने पर प्रवेश–पत्र निर्गत नहीं किया जायेगा।

3. विज्ञप्ति संख्या – पी॰आर॰ 09/2024 में उल्लेखित सभी निदेश यथावत् रहेगा।

**परीक्षा नियंत्रक (विविध)**

Scanned with CamScanner